**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3715**
**(दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए)**

## डीडी उर्दू के दैनिक समाचार बुलेटिनों में कमी

**3715. श्री मोहिब्बुल्लाहः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार को दूरदर्शन (डीडी) उर्दू पर समाचार बुलेटिनों की संख्या में कमी के बारे में जानकारी है, जो कोविड-19 से पहले सीपीसी खेल गांव, नई दिल्ली से प्रसारित किए जाते थे और यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ख) डीडी उर्दू पर समाचार बुलेटिनों की संख्या बहाल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) डीडी उर्दू पर समाचार बुलेटिनों को पहले जितनी संख्या में बहाल करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा डीडी उर्दू पर इन समाचार बुलेटिनों को कब तक बहाल किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**
**(डॉ. एल. मुरूगन)**

(क) से (घ): भारत में उर्दू भाषा की महान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए 15 अगस्त 2006 को "डीडी उर्दू" चैनल शुरू किया गया था। यह अपने दर्शकों को उर्दू भाषा में चौबीसों घंटे सामग्री उपलब्ध कराता है।

प्रसार भारती "डीडी उर्दू" चैनल पर आधे घंटे की अवधि के दो समाचार बुलेटिन प्रसारित करता है। इसके अतिरिक्त, क्रमशः श्रीनगर, पटना, कोलकाता, लखनऊ, भोपाल और हैदराबाद से आरंभ होने वाले क्षेत्रीय चैनलों, नामतः डीडी कशीर, डीडी बिहार, डीडी बांग्ला, डीडी उत्तर प्रदेश, डीडी मध्य प्रदेश और डीडी यादगिरी पर भी विभिन्न समयावधि के उर्दू समाचार बुलेटिनों का दैनिक आधार पर प्रसारण किया जाता है। डीडी उर्दू चैनल पर सिनेमा की दुनिया, रंग तरंग और गुड न्यूज इंडिया जैसे विशेष कार्यक्रम भी उर्दू में प्रसारित किए जाते हैं।

****